दिनांक 14.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान के नेतृत्व में नगर निगम, भिलाई के अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा अवकाश के दिनों में भी स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 में रैंकिंग बढ़ाये जाने हेतु स्वच्छता एप के माध्यम से निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में जाकर आम नागरिकों को स्वच्छता एप अपने मोबाईल में डाउनलोड करने की जानकारी देते हुए शिकायत के निराकरण के संबंध में जन–जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

नगर निगम क्षेत्र के सभी जोन के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा प्रातः 5:30 बजे से प्रतिदिन क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में जाकर स्वच्छता एप के संबंध में आम जनता को जागरूक किया जा रहा है, कि यह एप सफाई व्यवस्था के शिकायतों से संबंधित है। इस एप को अपने मोबाईल पर अवश्य डाउनलोड करें। स्वच्छता एप को मोबाईल में लोड करने की प्रक्रिया से आम नागरिकों को अवगत कराया जा रहा है। साथ ही लोगों से अपील की जा रही है, कि आप सभी लोग स्वच्छ भारत मिशन से जुडे और अपने घर, अपने वार्ड एवं शहर को स्वच्छ बनाने में निगम, भिलाई द्वारा चलाये जा रहे साफ–सफाई अभियान में अपना सहयोग प्रदान करें। स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 में कैप्टन क्लीन बनकर बनायें अपने शहर को नंबर 01 और अपने क्षेत्र को स्वच्छ शहर में प्रथम स्थान दिलाने के लिए स्वच्छता एप अवश्य डाउनलोड करें। इस एप के माध्यम से आपके द्वारा सफाई के संबंध में की गई शिकायत का तत्काल निराकरण किया जावेंगा।

नगर निगम क्षेत्र के जोनवार 01, 02, 03, 04, 05 एवं 06 के अन्तर्गत ओ.डी. स्पॉट का निरीक्षण प्रतिदिन किया जा रहा है। नगर निगम, भिलाई द्वारा चिन्हित ओ.डी. स्पॉट **जोन क. 01** के अन्तर्गत आलाबंद तालाब खमरीया, जुनवानी तालाब, श्मशान घाट रोड, रेल्वे स्टेशन एरिया, स्लाटर हाउस के पास **जोन क. 02** के अन्तर्गत मेहमान कोल डिपो के सामने **जोन क. 03** के अन्तर्गत बैकुंठ नगर सूर्य कुंड तालाब के पास, प्रज्ञा अस्पताल के पास, साईफन के पास, क्रिकेट मैदान सांस्कृतिक भवन के पास, **जोन क. 04 के अन्तर्गत** गणेश मंदिर, मिनीमाता नगर के पास, मिलावट पारा, गार्डन के पास, स्टेडियम के बाजू में, मंगल भवन के बाजू में, चन्द्रमा चौक पड्डा बार के पास, **जोन क 05 के अन्तर्गत** सेक्टर 04 पूर्व, सेक्टर 04 पश्चिम, सेक्टर 05 पूर्व, सेक्टर 05 पश्चिम, सेक्टर 06 पूर्व एवं **जोन क. 06 के अन्तर्गत** श्मशान घाट, रेलपटरी किनारे बी0आर0पी0 कालोनी, उमरपोटी रोड़ नहर किनारे, चन्द्रनगर रोड शिवपारा, मौहारी भाठा, शीतला मंदिर तालाब के पास, नर्सरी (आजाद मार्केट रोड), रेल्वे किनारे श्मशान घाट, विद्युत वितरण कार्यालय के आसपास का निरीक्षण एवं खुले में शौच करते हुए पायें जाने वाले नागरिकों को अंतिम समझाईश, सार्वजनिक सुलभ शौचालय, पानी, बिजली सहित पंजी का निरीक्षण अधिकारी कर्मचारियों द्वारा किया गया। यह कार्य निरंतर चलता रहेगा।

जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम, भिलाई

सामुदायिक शौचालय
वार्ड 17, वृंदा नगर (अर्जुन नगर)
नगर पालिक निगम भिलाई
"स्वच्छ भारत मिशन"
बहू-बेटी बाहर
शौचालय घर
नगर पालिक निगम भिलाई
निःशुल्क सेवा